India in order to enable it to compete with other international airlines;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF ENERGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI ARIF MOHD. KHAN): (a) Functional autonomy has already been given to Air India through the Memorandum of Understanding signed with the Corporation each year.

(b) & c) Do not arise.

लघु उद्योगों द्वारा उत्पादित हो सकने वाली वस्तुओं का बहु-राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा उत्पादन

757 **श्री अन्नतराम जायसवाल :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार लघु-उद्योगों द्वारा उत्पादित हो सकने वाली वस्तुओं का बहु-राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा उत्पादन बंद करने के लिए किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में कब तक निर्णय ले लिये जाने की संभावना है;

(ग) क्या बहु-राष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की सूची में से किन्हीं मदों को लघु-उद्योगों को स्थानान्तरित किये जाने का कोई प्रस्ताव है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में लघु उद्योग एवं कृषि और ग्रामीण उद्योग विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्रीकान्त जेना) : (क) से (घ) 31 मई 1990 को संसद में रखे गये विवरण में अन्य बातों के साथ यह उल्लेख है कि इस समय केवल लघु क्षेत्र में निर्माण के लिए 836 मदों को आरक्षित किया गया है । इसी तरह के आरक्षण के योग्य अधिक मदों का पता लगाने के प्रयास किये जाएंगे । लघु क्षेत्र के लिए आरक्षित क्षेत्रों में बड़ी एककों द्वारा अतिक्रमण और उल्लंघन करने से प्रभावकारी ढंग से निपटा जाएगा ।

मोमबत्ती के विनिर्माण के लिए लाइसेंसों के आवंटन में अनियमितताएं

758. **श्री राम अवधेश सिंह :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह बात सरकार की जानकारी में आई है कि उद्योग आयुक्त (दिल्ली-प्रशासन) मोमबत्तियों के विनिर्माण के लिए लाइसेन्स देने के मामले में अनियमितताएं बरत रहे हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि मोमबत्ती विनिर्माताओं को मोम का प्रयोग मोमबत्तियों के विनिर्माण के लिए करने के बजाय उसकी कालाबाजारी करने दी जा रही है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इस मामले की जांच करवाने का विचार रखती है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में लघु उद्योग एवं कृषि और ग्रामीण उद्योग विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्रीकांत जेना) : (क) जी नहीं । दिल्ली प्रशासन के अनुसार मोमबत्तियों के विनिर्माण के लिए लाइसेंसों की मंजूरी के संबंध में कोई अनियमितताएं उनके ध्यान में नहीं आई है ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते ।